कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

बिल्हा दिनांक 13/03/2025

कं/5417/ 2025–26

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बिलासपुर(छ.ग.)

विषय :– ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन स्कूल रोड व्यापार विहार रोड बिलासपुर छत्तीसगढ़ के विरूद्ध 5वी और 8 वी परीक्षा में विद्यार्थियों को सम्मिलित ना कराने के सम्बन्ध में मान्यता समाप्त करने हेतु अनशंसा सहित प्रतिवेदन।

आज दिनांक 13.03.2026 को ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन स्कूल रोड व्यापार विहार रोड बिलासपुर, मान्यता कमांक 2144 के निरिक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 5वी के 88 एवं कक्षा 8वी के 53 छात्रों को केन्द्रीकृत बोर्ड परीक्षा 2025.26 में शामिल नही कराया जा रहा है। इस संबंध में संकुल ग्रुप के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन को नियमानुसार परीक्षा में शामिल करने हेतु समस्त निर्देश दिए गये तथापि विद्यालय द्वारा उक्त निर्देशों का पालन नही किया गया । स्कुल प्रबंधन की लापरवाही से कक्षा 5वी के 88 एवं कक्षा 8वी के 53 बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनमर्जी से स्थानीय बोर्ड प्रबंधन में शामिल नही होना मान्यता के शर्तों का उल्लंघन है। विद्यालय प्रबंधन स्कुल शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित शैक्षणिक व्यवस्था एवं प्रणाली का पालन नही करते हुए शैक्षणिक मानकों एवं निर्धारित मानकों एवं शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है।

उक्त कृत्य छ.ग. राज्य शासन द्वारा जारी शैक्षणिक निर्देशों का उल्लंघन है, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 एवं 19 एवं छ.ग. आर टी ई नियम 2011 की धारा 11,12,13 के अनुसार मान्यता प्राप्त विद्यालयों को शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक नियमों का पालन करना अनिवार्य है। अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर संबंधित विद्यालय के विरूद्ध मान्यता समाप्त करने की अनुशंसा सहित आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन आपकी ओर सादर प्रस्तुत है।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
बिल्हा,जिला–बिलासपुर(छ.ग.)

Block Education Officer
Bilha, Distt. Bilaspur (Chhattisgarh)

पृ कं/5418/ 2025–26

बिल्हा, दिनांक 13/03/2026

प्रतिलिपि,

1 कलेक्टर महोदय, जिला बिलासपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
2 संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
बिल्हा,जिला–बिलासपुर(छ.ग.)

Block Education Officer
Bilha, Distt. Bilaspur (Chhattisgarh)

Scanned with OKEN Scanner